हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 अप्रैल 2024

11 तिलक से किया विद्यार्थियों का स्वागत



12 मंदिर प्रबंधन कमेटी ने सजाया बुड्ढोमाता का भव्य दरबार



## खबर संक्षेप

### ब्लैक फिल्म लगी 32 गाड़ियों के किए चालान

**झज्जर।** जिला पुलिस द्वारा ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के चालान करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जिले भर में 32 ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के चालान किए गए। इसके अलावा यातायात के अन्य नियमों की पालना नहीं करने वाले 536 वाहन चालकों के भी चालान किए गए। डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बताया कि गाड़ियों की शीशों पर काली फिल्म लगाना यातायात नियमों के विरूद्ध है।

### बस ने मारी बाइक सवार दंपती को टक्कर

**झज्जर :** कासनी गांव के नजदीक एक स्कूल बस ने मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जमालपुर गांव निवासी रमेश चंद्र ने बताया कि मंगलवार को कासनी गांव स्थित पेट्रोल पंप से तेल डलवाकर जब वह झज्जर के लिए चला तो एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

### प्लाट में खड़ी गाड़ी से दो लाख और डैक चोरी

**झज्जर :** क्षेत्र दुजाना गांव में प्लाट में खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़ कर उसमें रखे दो लाख रुपये चुराने का मामला सामने आया है। सोनीपत निवासी पुनीत कथूरिया ने बताया कि वह बीती 31 मार्च को अपनी पत्नी को लेने दुजाना आया था। उसने अपनी गाड़ी रिश्तेदार कार्तिक के प्लाट में खड़ी की थी। सुबह जब उसने देखा तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ था और गाड़ी के हैंडरेस्ट में रखे करीब दो लाख रुपये चोरी हो चुके थे।

# अनाजमंडी आढ़तियों के विरोध प्रदर्शन के बीच सरसों की आवक

## सरकार की निर्धारित खरीद एजेंसी सीएमएस कॉपरेटिव सोसायटी ने 41 क्विंटल की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

फसल खरीद के दौरान ढाई प्रतिशत कमीशन की मांग को लेकर अनाज मंडी आढ़तियों द्वारा दिया जा रहा सांकेतिक धरना मंगलवार को भी जारी रहा। आढ़तियों द्वारा धरना दिए जाने के बाद मार्केटी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हरेंद्र सिलाना ने बताया कि वे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रतिदिन सुबह दस बजे से बारह बजे सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका यह धरना पांच अप्रैल तक चलेगा। उनकी मुख्य मांग है कि उन्हें गेहूं व सरसों की खरीद पर ढाई प्रतिशत कमीशन दिया जाए। यदि सरकार उनकी मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं देती है तो पांच अप्रैल के बाद राज्य कमेटी की बैठक में बड़ा फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वे उनकी मांग को समय रहते पूरा करें ताकि मंडी आढ़तियों व किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। आढ़तियों का कहना है कि किसानों को मजबूरन अपनी फसल घर पर स्टॉक करनी पड़ रही है। इसके बाद वे मार्केट कमेटी कार्यालय भी पहुंचे और एसडीएम रविंद्र यादव, डीआरओ प्रमोद चहल, मार्किट कमेटी सचिव सविता सैनी से मुलाकात की और अपनी मांगें रखी।

- मंडी में 60 क्विंटल गेहूं की भी आवक दर्ज हुई है लेकिन गेहूं की कोई खरीद नही हुई





झज्जर। मार्किट सचिव कार्यालय में एसडीएम से बातचीत करते हुए आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारी, अनाज मंडी परिसर में धरना देते हुए अनाज मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं आढ़ती।

### कुल आवक 214 क्विंटल दर्ज की गई

उधर, अनाजमंडी सुपरवाइजर रणदीप ने बताया कि जहां सोमवार को 41 क्विंटल की आवक हुई थी वहीं आज मंगलवार को सरसों की कुल आवक 214 क्विंटल दर्ज की गई है। जिसमें 41 क्विंटल सरसों की खरीद सरकार द्वारा निर्धारित खरीद एजेंसी सीएमएस कॉपरेटिव सोसायटी द्वारा की गई है। इसके अलावा मंडी में 60 क्विंटल गेहूं की भी आवक दर्ज हुई है लेकिन गेहूं की कोई खरीद नहीं हुई। बता दें कि सरकार द्वारा एक अप्रैल से गेहूं की खरीद भी शुरू की गई है। पहले दिन गेहूं की आवक नहीं हुई थी।



बहादुरगढ़। मंडी के फड़ पर सरसों की फसल।

# सरसों की खरीद में आई तेजी तो खुश हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

कई दिन से धीमी चल रही सरसों की सरकारी खरीद में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। दिनभर में 871.25 क्विंटल की खरीदी की गई, जबकि 180 क्विंटल का उठान किया गया। खरीद प्रक्रिया में तेजी आने पर किसानों ने खुशी जताई है। अब तक बहादुरगढ़ की अनाज मंडल में 1690 क्विंटल सरकारी खरीद हो चुकी है। हालांकि गेहूं की खरीद की तैयारियां भी पूरी है लेकिन फसल अभी तक मंडी में नहीं आई है। दरअसल, सरसों की खरीद प्रक्रिया में ढिलाई बरते जाने से नाराज किसानों ने सोमवार को हंगामा किया किया था। हंगामे के बाद मार्केट कमेटी की सचिव अंजू दलाल ने मौके पर पहुंचकर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। जिसके बाद अधिकारी हरकत में आए और फसल की नमी जांचते हुए आगामी कार्रवाई शुरू की। मंगलवार को बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में हैफेड एजेंसी द्वारा किसानों की 871.25 क्विंटल फसल खरीदी गई। इसके साथ ही उठान भी शुरू किया गया। मंगलवार को 180 क्विंटल सरसों का उठान हुआ। अनाज मंडी में भारी मात्रा में किसान सरसों की फसल लेकर पहुंचे हुए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा सरसों की फसल का एमएसपी 5650 रुपये तय किया गया है। सरकारी खरीद शुरू होने से पहले किसान कम दाम पर आढ़तियों को फसल बेचने पर मजबूर थे। अब सरकारी खरीद में तेजी आने के बाद किसान काफी खुश हैं। मंगलवार को सिद्दीपुर, इस्सरहेड़ी, कुलासी, बामड़ोली, नयागांव सहित अन्य गांवों के 46 किसानों के गेट पास काटे गए थे।

### 871.25 क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद

मंगलवार को 871.25 क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद हुई और 180 क्विंटल सरसों का उठान किया गया है। बुधवार से उठान कार्य में तेजी लाई जाएगी। अभी मंडी में गेहूं की आवक शुरू नहीं हुई है। आवक होती है तो खरीद शुरू की जाएगी।

- अंजू दलाल, सचिव, मार्केट कमेटी, बहादुरगढ़

# ऑनलाइन मुनाफा कमाने के झांसे में गंवाए 3.23 लाख से अधिक रुपये

## ऑनलाइन काम करने का मैसेज आया और उसमें फंस गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

ऑनलाइन काम कर मुनाफा कमाने के झांसे में आकर सुर्खपुर निवासी एक युवक ने तीन लाख से अधिक रुपये गंवा दिए। पुलिस को दी शिकायत में सुर्खपुर निवासी सुमित पुत्र राजबीर ने बताया कि बीती 15 फरवरी को एक टेलीग्राम अंकाउंट से उसके पास ऑनलाइन काम करने का मैसेज आया जिसमें उसे प्रतिदिन 30 बुकिंग करने व पूरी होने पर कमीशन सीधा उसके बैंक अकाउंट में आने की जानकारी दी गई। इसके बाद जब उसने उसी दिन ऑनलाइन काम किया तो उसे दस हजार रुपये बोनस दिया गया। जिसमें से केवल दो हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर किए गए। 16 फरवरी को उन्होंने दस हजार रुपये किसी खाते में जमा करने की बात की और जब उसने उनके बताए खाते में दस हजार रुपये डाले तो उसी दिन उसके खाते में 19 हजार रुपये वापिस आ गए जिससे उसे नौ हजार रुपये का मुनाफा हुआ। फिर उसने 17 फरवरी को 10 हजार रुपये, फिर 14584 रुपये मांगें जिनके ट्रांसफर करने के बाद उसे फिर से नौ हजार रुपये का फायदा हुआ।

- प्रतिदिन 30 बुकिंग करने व पूरी होने पर कमीशन सीधा उसके बैंक अकाउंट में आने की जानकारी दी

### ऐसे बोनस देकर जाल में फंसाया

सुमित के अनुसार इस प्रकार वह उनके झांसे में आ गया और उसने साइबर ठगों के कहने पर 18 फरवरी को काम के लिए 50 हजार रुपये डिपोजिट करने की बात कही। उन्होंने कहा कि काम पूरा होने पर डिपोजिट अमाउंट वापिस मिल जाएगा। जिसके बाद उसने 50 हजार रुपये बताए गए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्होंने उसे टास्क दिया लेकिन टास्क करने से पहले उससे फिर से 89139 रुपये की मांग की गई। उस अमाउंट को टास्क पूरा होने पर वापिस खाते में डाले जाने की बात साइबर ठगों द्वारा की गई। सुमित के अनुसार फिर उसने 89139 रुपये भी उनके बताए खाते में डाल दिए। इसके बाद उससे फिर से 184697 रुपये उनके बताए खाते में ट्रांसफर से किए। जब उसके बाद भी उसे पांच लाख रुपये की अमाउंट जमा करने की बात कही तो उसने मना कर दिया और अपने पैसे वापिस मांगे। इस पर साइबर ठगों ने कहा कि जब टास्क पूरा नहीं करते आपको आपका पैसा वापिस नहीं मिलेगा। सुमित के अनुसार इसके बाद उन्होंने उसका नंबर भी ब्लॉक कर दिया। इस प्रकार उसके साथ कुल 3 लाख 23 हजार 836 रुपये की धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने सुमित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शराब की टूटी बोतल से पत्नी व बच्चों पर हमला

**बहादुरगढ़।** एक व्यक्ति ने शराब की टूटी हुई बोतल से अपनी पत्नी व बच्चों पर हमला कर दिया। इस हमले में पत्नी घायल हो गई। उसने अपने पति के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने कहा है कि उसका पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता है और धमकियां देता है। गत 31 मार्च की देर रात भी शराब पीकर घर आया। उसके हाथ में टूटी हुई बोतल थी। घर आकर झगड़ने लगा और मेरे बेटे पर बोतल से हमला करने का प्रयास किया, जैसे तैसे बेटे ने बचाव किया। इसके बाद उसने मुझ पर हमला करना चाहा तो बेटी बीच में आ गई। उसने तैश में आकर बेटी को धक्का मारा। फिर मुझ पर वार किया। हमले में मुझे काफी चोट आई। बच्चों ने शोर मचाया और बीच बचावा किया। इसके बाद वह धमकी देकर चला गया। वह मेरे साथ आए दिन मारपीट करता है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है।

# सैंबो नेशनल चैंपियनशिप में मां-बेटी ने जीते मेडल

## अब कजाकिस्तान में होने वाली एशियन चैंपियनशिप में दिखाएंगी दमखम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

खेल क्षेत्र में महिलाएं लगातार परचम लहरा रही हैं। बहादुरगढ़ की निवासी प्रवीण छिल्लर ने सैंबो (मार्शल आर्ट) की नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है, वहीं उनकी बेटी ने सिलवर मेडल पर कब्जा जमाया। नेशनल में एक साथ पदक जीतकर दोनों मां-बेटी ने कजाकिस्तान में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। इनकी जीत पर परिजनों ने खुशी जताई है, वहीं खेल प्रेमियों द्वारा इन्हें बधाई दी जा रही है।

दरअसल, हरियाणा के महेंद्रगढ़ में गत 29 से 31 मार्च तक 14वीं सैंबो नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। देशभर के खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन के बूते 16 गोल्ड सहित कुल 36 मेडल जीतकर विजेता बनी। हरियाणा की इस जीत में बहादुरगढ़ की निवासी प्रवीण छिल्लर और उनकी बेटी मारुध्वी की अहम भूमिका रही। प्रवीण छिल्लर ने मास्टर्स कैटेगिरी के 72 केजी वर्ग में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। वहीं अपनी मां के नक्शे कदम पर चल रही बेटी मारुध्वी भी पीछे नहीं रही। मारुध्वी ने अंडर-14 आयुवर्ग के 54 किलोग्राम भारवर्ग में जोरदार प्रदर्शन करते हुए सिलवर मेडल हासिल किया। आमतौर पर ऐसा कम ही देखने को मिलता है, जब किसी प्रतियोगिता में मां-बेटी ने एक साथ पदक जीते हों।

- महेंद्रगढ़ में 29 से 31 मार्च तक 14वीं सैंबो नेशनल चैंपियनशिप का हुआ आयोजन



बहादुरगढ़। पदक विजेता प्रवीण छिल्लर व उनकी बेटी मारुध्वी।

### जीत की बधाई दी

इस जीत के साथ इन दोनों ने कजाकिस्तान में मई माह में प्रस्तावित एशियन चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। खेल प्रेमियों ने प्रवीण और उनकी बेटी मारुध्वी को जीत की बधाई दी। बता दें कि प्रवीण बहादुरगढ़ के शास्त्री नगर की निवासी हैं। पिछले कई वर्षों से खेलों में दमखम दिखा रही हैं। विभिन्न स्पर्धाओं में कई मेडल जीत चुकी हैं। वहीं, मारुध्वी भी बीते चंद वर्षों से सैंबो में हाथ आजमा रही है। अपनी मां से ही प्रशिक्षण लेती है। सैंबो के अलावा होर्स राइडिंग सहित अन्य खेलों की नेशनल स्पर्धा में लगभग आधा दर्जन मेडल हासिल कर चुकी है। बकौल प्रवीण छिल्लर, उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन संतोष कुमारी व राजीव कुमार से प्रशिक्षण लिया है। जबकि अपनी बेटी को वह खुद ही प्रशिक्षित करती हैं। उनकी बेटी राई स्पोर्ट्स स्कूल में पढ़ती है और बेहद प्रतिभाशाली है। प्रतिभा को देखते हुए स्कूल डायरेक्टर, प्रिंसिपल व कोच भी उसको पूरा सहयोग कर रहे हैं। जिस वजह से सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

## अतिक्रमण फैला रहे दुकानदारों को लगाई कड़ी फटकार

# नप ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

शहर में अतिक्रमण की समस्या गहराई हुई है। इस वजह से अव्यवस्था हावी होती है। सड़कों पर आवागमन तक प्रभावित हो जाता है। शहर को अतिक्रमण से निजात दिलाने के मकसद से मंगलवार को नगर परिषद का दस्ता सड़कों पर उतरा। इस दौरान दुकानों के बाहर सड़क पर रखा गया सामान जब्त किया गया। अतिक्रमण फैला रहे दुकानदारों को कड़ी फटकार भी लगाई गई। इस कार्रवाई के चलते बाजारों में हड़कंप मच गया। वहीं कुछ लोगों ने टीम के साथ बहस भी की लेकिन कार्रवाई जारी रही।

कई घंटे तक चली इस कार्रवाई के दौरान तीन ट्राली सामान जब्त कर नगर परिषद कार्यालय में भेजा गया। नगर परिषद कर्मियों द्वारा जब्त किया गया यह सामान दुकानदारों से जुर्माना वसूल कर वापस किया जाएगा। नगर परिषद अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि यदि फिर से सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, शहर की सड़कों पर बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद को शहरवासियों की ओर से लगातार शिकायत की जा रही है। इसी को लेकर मंगलवार को नप ने यह अभियान चलाया। अभियान के दौरान सामान जब्त करने को लेकर दुकानदारों व नगर परिषद कर्मियों के बीच सामान उठाने को लेकर कई बार बहस भी हुई। दुकानदारों ने अतिक्रमण अभियान टीम पर भेदभाव करने के आरोप लगाए।



बहादुरगढ़। अभियान के दौरान सामान जब्त कर ले जाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### काफी सामान जब्त किया गया

शहर में अतिक्रमण किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंगलवार को बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है। काफी सामान जब्त किया गया है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। दुकानदारों से अपील है कि वे अतिक्रमण न फैलाएं, व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

- सुनील हुड्डा, एसआई, नगर परिषद

### सरकारी अस्पताल के बाहर मिला शव

**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल के बाहर स्थित बस क्यू शेल्टर में एक व्यक्ति का शव मिला है। शव को पहचान के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। घटना मंगलवार सुबह की है। दरअसल, सिटी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि नागरिक अस्पताल के बाहर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ। इसकी सूचना मिलते ही थाना शहर प्रभारी विनोद कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उसकी पहचान के प्रयास शुरू किए। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई। आसपास के लोगों ने बताया कि वह व्यक्ति पिछले कई दिनों से यहां रह रहा था और अपने आप को बिहार मूल का बताता था। हालांकि उसके नाम और सही एड्रेस की जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम व पहचान के लिए 72 घंटे तक मोर्च्युरी में रखवा दिया है। उसकी मौत किन कारणों के चलते हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

इलाके के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। महिला द्वारा मानसिक परेशानी से तंग आकर आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में फिलहाल 174 के तहत कार्रवाई की गई है।

मामला आसौदा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। मृतका की पहचान करीब 37 वर्षीय पिंकी के रूप में हुई है। सोमवार की रात करीब 11 बजे पिंकी फंदे पर लटकी देखी गई। परिजनों की नजर पड़ी तो संभाली लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। मंगलवार को परिजनों के बयान लेने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। बताया जा रहा है कि महिला कुछ समय से मानसिक रूप से तनाव में थी। संभवतः इसी वजह से उसने फंदा लगा लिया। परिजनों के बयान पर पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी पुलिस को इंतजार रहेगा। बता दें कि बहादुरगढ़ इलाके में पिछले कुछ समय से आत्महत्या के मामलों में वृद्धि हुई है। गांव हो या शहरी क्षेत्र, हर जगह से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। लगभग सभी मामलों में मानसिक तनाव की बात सामने आ रही है। कोई पढ़ाई के दबाव में तो कोई बीमारी से तंग आकर ये कदम उठाने पर विवश है।

- मानसिक परेशानी से तंग आकर उठाया कदम


दुनिया में सबसे तेज जानवर चीता है, जो 70 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ सकता है।


सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।



# डिजिटल सेक्टर में कैसे संवारें भविष्य



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भविष्य में भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विज़ुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम :** 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफकि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफ्रॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

---

## आभासी दुनिया करियर बढ़ाने में कर सकती है मदद

# चैटजीपीटी प्रोफेशनल्स बनकर डिजिटेक दुनिया में कमाएं नाम

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद




एक शब्द जिसने हाल ही में आईटी उद्योग में तहलका मचा दिया है, वह है 'चैटजीपीटी'। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ एक चैटबॉट, जिसे चैटजीपीटी कहा जाता है, को वर्ष 2022 में 30 नवंबर को लांच किया गया था। जनवरी में इसके मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 10 करोड़ को पार कर गई थी। अधिक उपयोग के बावजूद हंगामा होता है, क्यों? दरअसल, चैटजीपीटी बहुत सारे सफेदपोश पदों के लिए खतरा है। शिक्षण संस्थान भी परेशान है, यह जानते हुए भी कि यह जल्द ही कभी नहीं होगा। अपने करियर में पेशेवरों के लिए, चैटजीपीटी सीखने में काफी मदद कर सकता है, उन्हें नए कौशल प्राप्त करने में सहायता कर सकता है, नौकरी के नए विकल्पों का खोज सकता है और अपने उद्योग में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रख सकता है। प्रत्येक पेशेवर की विशिष्ट आवश्यकताओं और रुचियों को पहचानने के लिए अपनी प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण कौशल का उपयोग करके, चैटजीपीटी व्यक्तिगत सीखने के अनुभव प्रदान कर सकता है। करियर क्षेत्र के पेशेवरों को इस तरह से प्रासंगिक और रोमांचक शिक्षण सामग्री का पता लगाना आसान हो सकता है। चैटजीपीटी कौशल विकास के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर सकता है, पेशेवरों को नए कौशल हासिल करने और अपने पेशेवर पोर्टफोलियो बनाने में मदद कर सकता है।



## क्या है चैटजीपीटी

चैटजीपीटी एक चैटबॉट है,जो कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है। चैटजीपीटी (जनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफॉर्मर) प्रोग्राम एक मशीन लर्निंग सिस्टम है जो डेटा इकट्ठा करता है, इससे सीखता है और शोध निष्कर्ष तैयार करता है। पुट-ई टूल अब भी उपलब्ध है। यह शब्द बनाने के बजाय 3डी दृश्य बनाता है। जिस तरह आप गूगल पर कुछ भी लिखते हैं और आपके सामने जवाब आते हैं। उसी तरह चैटजीपीटी पर सवाल करने पर आपको वो लिखकर जवाब देता है। चैटजीपीटी आपके सारे सवालों के जवाब केवल एक सर्च बॉक्स पर सवाल टाइप करने से देता है। गूगल सर्च से अलग, इस चैटबॉट की खासियत यह है कि यह इंसानों की तरह सोचता है और उनकी तरह सवाल-जवाब कर सकता है। चैटजीपीटी से आप किसी भी टॉपिक पर एक इंसान जैसे ही बात कर पाते हैं। बता दें कि चैटजीपीटी को नवंबर 2022 में ओपनएआई द्वारा लांच किया गया था। चैटजीपीटी से उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। फोर्ब्स ने सक्रिय एआई स्टार्टअप्स की संख्या में 14 गुना वृद्धि दर्ज की है। 72% अधिकारियों के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य में व्यापार में एक प्रमुख भूमिका निभाएगा।

## यहां अवसर

1. टेक जॉब्स (कोडर्स, कंप्यूटर प्रोग्रामर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स, वेब डेवलपर्स, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा एनालिस्ट्स)
2. मीडिया नौकरियां (सामग्री निर्माण, विज्ञापन, तकनीकी लेखन, पत्रकारिता)
3. कानूनी उद्योग नौकरियां (पैरालीगल, सहायक) बाजार अनुसंधान विश्लेषकों
4. शिक्षक, प्रोफेसर
5. वित्त नौकरियां (वित्तीय विश्लेषक, सलाहकार) ट्रेडर्स, शेयर एनालिस्ट
6. ग्राफिक डिजाइनर
7. लेखाकार
8. ग्राहक सेवा एजेंट

## मददगार टूल होगा

चैटजीपीटी करियर के विकास पर सलाह और मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है, जिससे पेशेवरों को नए करियर के अवसरों की पहचान करने में मदद मिलती है। विभिन्न विषयों पर चैटजीपीटी के ज्ञान की त्वरित पहुंच के कारण पेशेवर अपने प्रश्नों के उत्तर पा सकते हैं और तेजी से अपने सीखने को आगे बढ़ा सकते हैं। चैटजीपीटी नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर पेश करते हुए पेशेवरों को उनके उद्योग के अन्य विशेषज्ञों से जोड़ सकता है। पेशेवरों को अपने करियर को आगे बढ़ाने और उनकी क्षमताओं का विस्तार करने में मदद करने के लिए, चैटजीपीटी व्यक्तिगत कोचिंग और परामर्श प्रदान कर सकता है। पेशेवर अपने क्षेत्र में सबसे हालिया प्रगति के साथ अद्यतित रह सकते हैं और चैटजीपीटी के चल रहे सीखने के अवसरों का लाभ उठाकर अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रख सकते हैं। चैटजीपीटी के सीखने के संसाधनों तक पहुंच के साथ पेशेवर जब भी उनके लिए सबसे सुविधाजनक हो सीख सकते हैं।




## क्या है करता

*चैटजीपीटी आपके लिए कंप्यूटर कोड जनरेट करता है। इसके साथ-साथ सवालों के जवाब, कथाओं को पूरा, अधूरे मुहावरे को सही करने, गिनती करने, नॉन-फिक्शन और फिक्शन कंटेंट लिखना और अनुवाद करना जैसे कार्य करता है।*

## क्यों बनाया गया

माइक्रोसॉफ्ट के ओपनएआई द्वारा विकसित चैटजीपीटी को एक एप्लिकेशन को मनुष्यों की तरह बातचीत करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। कविता लिखने से लेकर किसी और समस्या के जवाब के लिए आप चैटजीपीटी की मदद ले सकते हैं।

## स्मार्टफोन पर चैटजीपीटी नहीं

चैटजीपीटी का इस्तेमाल स्मार्टफोन पर नहीं किया जा सकता है। अगर आप प्ले स्टोर या एप स्टोर पर इसे खोजने का प्रयास करते हैं तो यहां फेक एप्स ही मिलती हैं, क्योंकि इस चैटबॉट का कोई ऑफिशियल एप अभी तक पेश नहीं हुआ है।

## कैसे कर सकते इस्तेमाल

इस चैटबॉट का इस्तेमाल चैटजीपीटी की ऑफिशियल वेबसाइट **chat.openai.com.** पर कर सकते हैं। वेबसाइट पर साइन-अप करने के बाद एक अकाउंट क्रिएट करना होगा। साइन अप के लिए **https://chat.openai.com/auth/login** पर विजिट कर सकते हैं। अकाउंट क्रिएट होने के बाद अकाउंट वेरीफाई करवाना होगा। इसके लिए ईमेल पर वेरिफिकेशन लिंक पर प्रोसेस पूरा कर सकते हैं। अकाउंट क्रिएट होने के बाद आप सर्च बार पर अपने सवालों को पूछ सकते हैं। मालूम हो कि, चैटजीपीटी का इस्तेमाल अभी फ्री में किया जा सकता है। हालांकि, बहुत जल्द कंपनी चैटबॉट के लिए प्रीमियम सर्विस ला सकती है।

## क्या सीखें

मशीन लर्निंग सीखें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई सीख कर चैटजीपीटी प्रोफेशनल्स बन सकते हैं। एआई सीखने के लिए गूगल समेत अनेक ऑनलाइन व ऑफलाइन प्लेटफॉर्म हैं। आजकल करियर का नया डेस्टिनेशन है।

---

# व्यायाम, प्राणायाम और ध्यान से सुधारा जा सकता है मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

तनाव और अवसाद के समय में प्रेरित रहना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कौशल है। परीक्षाओं, पढ़ाई, करियर, और सामाजिक दबावों के बीच जीवन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के साथ निपटने के लिए, छात्रों को तनाव को संभालने और प्रेरित रहने की कला को सीखना आवश्यक है। तनाव के समय में प्रेरणा का आधार स्वास्थ्यपूर्ण जीवनशैली का होता है। नियमित व्यायाम, प्राणायाम, और ध्यान से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारा जा सकता है। सही आहार और पर्याप्त नींद भी छात्रों को तनाव से बचाने में मदद कर सकते हैं। साथ ही, अपने कामों को स्वतंत्रता से निर्वाह करना और सकारात्मक सोच भी छात्रों को प्रेरित रख सकता है।

## सोशल मीडिया से रहें सावधान

समय का सही प्रबंधन और सहायक संगठनों का सहारा भी उन्हें अधिक उत्साहित कर सकता है। अधिकतर, स्वाध्याय और प्रेरणा भी छात्रों को उनके उद्देश्यों की दिशा में प्रेरित कर सकता है। इस प्रकार, छात्रों को तनाव के समय में प्रेरित रहने के लिए अपने जीवन में ये सारे कदम उठाने चाहिए। आधुनिक युग में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ता जा रहा है। यह आधुनिक तकनीकी उपकरणों के द्वारा संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सोशल मीडिया ने हमें दुनिया भर में अपने दोस्तों, परिवार, और समाज से जुड़े रहने का मौका दिया है। हालांकि, इसके साथ ही यह एक सुरक्षा का मुद्दा भी उठाता है। सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने की एक कार्यकारी रणनीति अपनाना आवश्यक है। पहले भारतीय युवा को सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में जानकारी होनी चाहिए। उन्हें अपने प्रोफाइल की निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए नियमित रूप से पासवर्ड बदलने की सलाह देनी चाहिए। उन्हें सावधानीपूर्वक अपनी पोस्टिंग करनी चाहिए ताकि वे अपनी निजी जानकारी को अनावश्यक लोगों से साझा न करें। दूसरा, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के उपयोग के लिए एक्सेस नियंत्रण बनाए रखना आवश्यक है। युवा को अपने डिवाइस के लिए पासवर्ड लॉक लगाने की सलाह दी जानी चाहिए, ताकि कोई अनधिकृत उपयोगकर्ता उनके खाते में प्रवेश न कर सके। साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि उन्हें अपने डिवाइस पर सोशल मीडिया ऐप्स को अपडेट रखें, क्योंकि अपडेट अक्सर सुरक्षा सुधारों को शामिल करते हैं। तीसरा, विशेष ध्यान देना चाहिए कि युवा अपने ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतें। उन्हें अज्ञात व्यक्तियों के साथ न केवल साइबर अपीक्स तकरार करनी चाहिए, बल्कि वे अपने प्राइवेट जानकारी को अपने हाथ में रखें। यह भी जरूरी है कि युवा अभिभावकों या विशेषज्ञों से संपर्क करें यदि उन्हें ऑनलाइन अपशब्दों, धमकी, या किसी भी अन्य अप्रिय गतिविधियों का सामना करना पड़ता है।

## साइबर बुलिंग से सावधानी जरूरी

साइबर बुलिंग, प्राइवेसी लीकेज, और ऑनलाइन फिशिंग जैसी समस्याओं से बचने के लिए सोशल मीडिया पर जागरूकता और सावधानी बहुत महत्वपूर्ण है ताकि युवा साइबर बुलिंग, प्राइवेसी लीकेज, और ऑनलाइन फिशिंग जैसी समस्याओं से बच सकें।

- **पासवर्ड की मजबूती:** अपने सोशल मीडिया खातों के लिए मजबूत पासवर्ड चुनें और उन्हें नियमित अंतराल में बदलें।
- **निजी जानकारी का संरक्षण:** निजी जानकारी को साझा करने से पहले ध्यान दें और केवल विश्वसनीय और आवश्यक जानकारी ही साझा करें।
- **साइबर बुलिंग के खिलाफ:** किसी भी तरह की साइबर बुलिंग को तुरंत रिपोर्ट करें और इसे बचाव में आने के लिए अपने दोस्तों और परिवार से सहायता मांगें।
- **सावधानी से फिलहाल:** अनजाने या संदिग्ध संदेशों, लिंकों, या फाइलों को कभी खोलने से पहले सावधानी बरतें।
- **अपडेट रहें:** सोशल मीडिया ऐप्स और सॉफ़्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करें, क्योंकि ये अक्सर सुरक्षा सुधारों को शामिल करते हैं।
- **संवेदनशीलता बनाए रखें:** अपने और अन्य लोगों की संवेदनशीलता का सम्मान करें और अनचाहे संदेशों या फोटोग्राफ़ों को साझा न करें।
- **जागरूक रहें:** सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के लिए नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन नैतिकता के बारे में जागरूक रहें और अपडेटेड रहें।

***इन तरीकों का पालन करके युवा सोशल मीडिया पर सुरक्षित रह सकते हैं और उन्हें अपने ऑनलाइन अनुभवों का आनंद लेने में सक्षम होगा। एक विद्यार्थी को किसी अन्य व्यक्ति के अच्छे वेतन और पसंद को देखकर कमजोर नहीं होना चाहिए।***

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

उत्तर 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### करनाल में आज सुनी जाएंगी बिजली समस्याएं

**झज्जर।** बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता यशवीर सिंह ने बताया कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को लेकर बुधवार को करनाल में कष्ट निवारण फोरम की बैठक राजीव गांधी विद्युत भवन कांफ्रेंस हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। जिसमें झज्जर जिले के उपभोक्ता भाग ले सकते हैं।

### ऊंटलौधा गांव के स्टेडियम से पंचायत गार्डर चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव ऊंटलौधा में पंचायती गार्डर चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में ग्राम सरपंच सोमबीर ने बताया कि उन्होंने गांव के स्टेडियम में लोहे के दो पंचायती गार्डर रखे थे जो बीती रात चोरी हो गए। पुलिस ने सोमबीर की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार छानबीर शुरू कर दी है।

### दहेज हत्या के मामले में पति और ससुर गिरफ्तार

**नई दिल्ली/नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दहेज की मांग को लेकर एक महिला की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने पति और ससुर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। करिश्मा की शादी दिसंबर 2022 में इकोटेक-तृतीय थाना क्षेत्र के खेड़ा चौगानपुर गांव के निवासी विकास से हुई थी।

## हवन में आहुति डालकर सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# तिलक से किया विद्यार्थियों का स्वागत



**बहादुरगढ़।** तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत करती अध्यापिका। फोटो :हरिभूमि



**झज्जर।** यज्ञ-हवन में भाग लेते हुए डीईओ राजेश खन्ना। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव डाबोदा कलां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को प्रवेश उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान स्कूल प्रांगण में हवन का आयोजन हुआ। हवन में आहुति डालकर सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसके बाद स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों, ग्राम पंचायत सदस्यों व एसएमसी सदस्यों ने प्रवेश के लिए रैली निकाली। रैली के जरिये ग्रामीणों और विद्यार्थियों को दाखिले के प्रति जागरूक किया गया। नौंवी से 12वीं कक्षा तक के लिए स्कूल में दाखिले होंगे। इसलिए आठवीं की परीक्षा पास करने वाले छात्रों को स्कूल की विशेषताओं के बारे में बताया गया। उन्हें बताया गया कि स्कूल में स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई कराई जाती है। साथ ही योगा क्लास तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। प्रिंसिपल नीलम सैनी सहित तमाम स्टाफ सदस्य इस अभियान में शामिल थे।



### यज्ञ-हवन के साथ शुरू हुआ प्रवेश उत्सव

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डावला में प्रवेश उत्सव की शुरूआत यज्ञ-हवन के साथ हुई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज व खंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र नांदल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय की नन्हीं छात्राओं ने मुख्यातिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्राचार्य रमेश शर्मा, ग्राम सरपंच सतबीर सिंह, एसएमसी प्रधान जगमाल सिंह, सदस्य कृष्ण कुमार, सुनील कुमार आदि के साथ मुख्यातिथियों व विद्यार्थियों ने हवन में आहुति डाली। कार्यक्रम में उत्कृष्ट अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विद्यालय में बायोलैब व विज्ञान लाइब्रेरी का शुभारंभ गांव के पूर्व सरपंच राजेंद्र प्रसाद की धर्मपत्नी लक्ष्मी द्वारा किया गया। इस अवसर पर निशा, नीतिका, पिंकी कादियान, ममता बाली, राकेश चावला, भगत सिंह, कमलेश, शकुंतला, संगीता, सीता, रीना, रवीना, सतीश, सुशीला, रचना, शशी, सुमन, शिखा, राकेश जाखड़,अमित, विलास, सुमन व हरीश सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली निकाली

**झज्जर।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरावास में प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। प्राचार्य सम्मत सिंह के नेतृत्व में निकाली गई। इस जागरुकता रैली के दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों ने ग्रामीण अभिभावकों से अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराने का आह्वान किया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यालय में विद्यार्थियों को दी जा रही आधुनिक सुविधाओं की जानकारी भी दी। इससे पहले जहां यज्ञ-हवन का आयोजन कर विद्यालय में प्रवेश उत्सव की शुरूआत की गई वहीं परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान लेने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर आचार्या अरविंद गार्गी, ब्रह्मचारी इंद्रजीत, एसएमसी प्रधान सतबीर सिंह व सदस्य धर्मबीर सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# कानोंदा स्कूल में हवन के साथ प्रवेश



**बहादुरगढ़।** कानोंदा स्कूल में हुए हवन में आहूति डालते अध्यापक व अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव कानोंदा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हवन के साथ प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी ने शिरकत की। प्राचार्य सरोज देवी ने सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और स्कूल की उपलब्धियां के बारे में बताया। लडरावण स्कूल के प्राचार्य रवि धनखड़ व कुलासी के प्राचार्य गुलशन कुमार ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर विकास कुमार, जगबीर मेहरा, विजेंद्र नंबरदार, नफे सिंह मेहरा आदि उपस्थित रहे।



**बहादुरगढ़।** हवन में आहूति डालती बीईओ मुन्नर सहारण व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### नए शिक्षण सत्र का हुआ शुभारंभ

**बहादुरगढ़।** शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में हवन के साथ शैक्षणिक वर्ष 2024-25 की शुरुआत हुई। बीईओ मुन्नी सहारण ने मुख्य अतिथि के रूप में हवन में आहूति दी। साथ ही छात्र-छात्राओं को सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति से अवगत कराया। इस दौरान अध्यापकों ने तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया।

# चुनाव के दौरान पेड न्यूज पर रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स हेंडल आदि का राजनीतिक दल और प्रत्याशियों को सावधानी के साथ प्रयोग करना होगा। चुनाव के दौरान सोशल मीडिया व अन्य मीडिया भ्रामक समाचार या सूचना भारत चुनाव आयोग सहित जिला निर्वाचन कार्यालय की पैनी नजर रहेगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि भारत चुनाव आयोग ने 18वें लोकसभा आम चुनाव में सोशल मीडिया की बढ़ती उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग के लिए टीम गठित की है।



**झज्जर।** कैप्टन शक्ति सिंह, डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, झज्जर।

टीम न केवल जारी सूचना की जांच करेगी, बल्कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर कार्रवाई भी करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी तरह का भ्रामक पोस्ट करने से बचें। पोस्ट करने या फॉरवर्ड करने से पहले अपने स्तर पर तथ्यों की सही से जांच कर लें।

# सभी लोकसभा सीटें जीतने का दावा करने वाली कांग्रेस छोड़ रही मैदान : अभय सिंह

- आम आदमी पार्टी ईमानदार होने का केवल ढोंग दिखाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला व प्रदेशाध्यक्ष पूर्व विधायक रामपाल माजरा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया। बैठक के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि लोकसभा की सभी दस सीटों को जीतने का दावा करने वाली कांग्रेस अब मैदान छोड़ रही है। उनके बड़े नेता चुनाव लड़ने से पीछे हट रहे है। उन्होंने कहा कि हुड्डा परिवार से अगर कोई अकेला भी चुनाव लड़ेगा तब भी हार ही होगी। उन्होंने रोहतक से डॉक्टर अरविंद शर्मा को टिकट देना भी भाजपा की मजबूरी बताया। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि ईडी ने अच्छा काम किया है। जिस तरह से आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाकर सत्ता में आई थी, लेकिन अब सच्चाई सामने आने लग गई है। आम आदमी पार्टी ईमानदार होने का केवल ढोंग दिखाती है। अगर आम आदमी पार्टी के नेता इतने ही ईमानदार होते तो उनके नेता जेल में नहीं जाते। उन्होंने सरकार द्वारा नेताओं पर ईडी के दुरूपयोग को भी गलत बताया। उन्होंने पूर्व विधायक नफे सिंह राठी के हत्यारों को पकड़ने के लिए पुलिस को एक सप्ताह का समय और देते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर पुलिस बड़ी कार्यवाही नहीं करती है तो पहले बहादुरगढ़ और उसके बाद पूरा जिला बंद करेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता नरेश प्रधान, हर्ष उर्फ गोलू, धर्मबीर दरोगा, राम किशोर चाहार, विनोद दादरी तोए, तेजपाल गुलिया पेलपा, मनोज दलाल, हरीश सिलानी, पवन धनखड़, जीत राम खन्ना, खैराती लाल अरोड़ा सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अभय सिंह चौटाला, रामपाल माजरा, नरेश प्रधान एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

# मतदान के लिए लगाए जा रहे सेल्फी प्वाइंट

**झज्जर।** जिले के मतदाताओं को वोट के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शत प्रतिशत मतदान को लेकर सरल केंद्रों में प्रशासन द्वारा सेल्फी प्वाइंट लगाए जा रहे हैं। मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित सरल केंद्र में झज्जर विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम रविंद्र यादव ने स्वयं सेल्फी लेते हुए सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ किया। स्वीप गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य वोट बनवाने से लेकर मतदान में भाग लेने के लिए लोगों को जागरूक व प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा जिनकी आयु एक अप्रैल 2024 तक 18 वर्ष हो गई है वे सभी युवा वोट बनवाकर अपना मतदाता सूची में शामिल करवा लें।




**झज्जर।** सरल केंद्र में सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते हुए एसडीएम रविंद्र यादव। फोटो :हरिभूमि

# विज्ञान से संबंधित रोचक जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांधलान में प्राचार्या सुनीता देवी की अध्यक्षता में विज्ञान विषय पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में रसायन शास्त्र की एसोसिएट प्रोफेसर अनीता अमानी ने विद्यार्थियों को विज्ञान विषय को अधिक रोचक तरीके से समझाते हुए अपने अनुभव सांझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य संबंधित रोजगारोन्मुखी जानकारी भी दी। इस मौके पर राजेश किलानिया, आशा व सुमन सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** विज्ञान विषय पर संबोधित करते हुए एसोसिएट प्रोफेसर अनीता अमानी।

# राष्ट्रीय रॉकेट बॉल स्पर्धा में हैरिटेज स्कूल की टीम रही द्वितीय

## राजस्थान के हनुमानगढ़ में आयोजित हुई दसवीं राष्ट्रीय रॉकेट बॉल प्रतियोगिता

- स्कूल पहुंचने पर विजेता टीम खिलाड़ियों का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजस्थान के हनुमानगढ़ में आयोजित दसवीं राष्ट्रीय रॉकेट बॉल प्रतियोगिता में हैरिजेट स्कूल ऑफ लर्निंग मांगावास के विद्यार्थियों की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। डीपीई रवि अहलावत ने बताया कि विजेता टीम खिलाड़ियों में अंकित, विनय, राहुल, सागर, हिमांशु, प्रियांशु, योगेश, प्रियांश व राहुल शामिल हैं। इस जीत के साथ खिलाड़ियों ने पंजाब में होने वाली नार्थ जोन प्रतियोगिताओं में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। स्कूल पहुंचने पर विजेता टीम खिलाड़ियों का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर स्कूल संचालिका नीलम गुलिया, प्रीति राठी, सिद्धार्थ वत्स, विशाल सिंह व अध्यापक विकास सिवाच आदि ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




**झज्जर।** टीम खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

## आरोपियों से 20 मोबाइल फोन, चार लैपटॉप और एक पेन ड्राइव जब्त

# 10 लोगों से छह करोड़ की धोखाधड़ी में सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने धोखेबाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में सात ठगों व जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर बीमा पॉलिसियों की परिपक्वता (मैच्योर) राशि जारी करवाने में मदद के नाम पर 10 लोगों से करीब छह करोड़ की ठगी का आरोप है। डीसीपी हेमंत तिवारी के अनुसार शिकायतकर्ता हरिदत्त शर्मा निवासी यू-5ए, दूसरी मंजिल, ग्रीन पार्क मेन ने इनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। विभिन्न सरकारी एजेंसियों जैसे एनपीसीआई, आरबीआई, एसबीआई व अन्य के अधिकारियों बताकर कुछ लोगों ने उनसे करीब 3.5 करोड़ रुपये की ठगी की है। यह सिलसिला अप्रैल 2018 से शुरू हुआ था। 3 जनवरी 2024 को शिकायत पर आईपीसी की धारा 406/420/120-बी के तहत स्पेशल सेल थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मुख्य आरोपी निशांत कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसकी निशानदेही पर अन्य छह सह-अभियुक्तों को भी पकड़ा गया। निशांत ने निर्माण विहार में एक जगह किराए पर ली थी। सह-आरोपी देवेंदर जाली दस्तावेज तैयार करता था। आरोपी व्यक्तियों निशांत कुमार, देवेन्द्र कुमार, मनीष कुमार, भूपेन्द्र कुमार, सुनील यादव और अंकित गौड़ ने शिकायतकर्ता को प्रलोभन देने के लिए फर्जी नामों का इस्तेमाल किया और उन्हें विभिन्न सरकारी एजेंसियोंएनपीसीआई, आरबीआई, एसबीआई आदि से जारी किए गए पत्र भेजे। आरोपी अष्टभुजेश पांडे आरोपी अंकित गौड़ और सुनील यादव को बैंक खाते प्रदान करता था। 20 मोबाइल फोन, चार लैपटॉप, एक पेन ड्राइव व पीड़ितों के डाटा वाले विभिन्न दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

### 10 लाख में दो नेपाली नागरिकों को कंबोडिया भेजने का प्लान हुआ फेल

- आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस के हत्थे चढ़े भेजने वाले दो एजेंट

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने वेस्ट बंगाल के दो एजेंट गिरफ्तार किये हैं। इन पर दो नेपाली नागरिकों को जाली कागजातों की मदद से कंबोडिया भेजने की कोशिश का आरोप है। लेकिन एयरपोर्ट पर इनकी चालाकी कामयाब नहीं हो पाई। दोनों यात्रियों को आईजीआई एयरपोर्ट पर पकड़ लिया गया। गत वर्ष ही दोनों बॉर्डर क्रॉस कर भारत आए थे। वहीं गिरफ्तार एजेंटों के नाम सुभान सुभ और अनिल लामा तमांग बताये गये है। दोनों वेस्ट बंगाल के दार्जिलिंग के रहने वाले हैं। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी के अनुसार 25-26 मार्च की रात दो लोग दिनेश सुब्बा और श्याम सुब्बा को आईजीआई एयरपोर्ट पर डॉक्यूमेंट जांच के दौरान पकड़ा गया था। यह लोग बैंकॉक होते हुए कंबोडिया जा रहे थे। डॉक्यूमेंट जांच में पता चला कि यह दोनों नेपाल के रहने वाले नागरिक हैं और इन्होंने भारत का वीजा फर्जी तरीके से लिया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि इनकी मदद दो एजेंटों ने की थी। एक दोस्त के जरिए यह पश्चिम बंगाल के रहने वाले एजेंट के संपर्क में आए थे। एजेंट ने इन्हें 10 लाख रुपये में सारे डॉक्यूमेंट बनाकर कंबोडिया भेजने का वादा किया था। इन्हें भारत का नागरिक बनकर विदेश इसलिए जाना था, क्योंकि यहां के रहने वाले लोगों की सैलरी नेपाल के रहने वाले लोगों से ज्यादा होती है।

### पुलिस ने की दिल्ली के नंबर की कार से 11.58 लाख की नकदी जब्त

**एजेंसी. नई दिल्ली/नोएडा।** लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के बीच, नोएडा पुलिस ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) पर जांच के दौरान दिल्ली-पंजीकृत एक कार से 11.58 लाख रुपए की नकदी जब्त की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि स्थानीय कासना पुलिस की टीम चुनाव के मद्देनजर सोमवार शाम ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के सिरसा टोल पर जांच कर रही थी और इस दौरान एक कार से 11.58 लाख रुपये बरामद किए गए। प्रवक्ता ने बताया कि कार दिल्ली के बदरपुर इलाके के निवासी राकेश कुमार के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने बताया कि आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

सूचना

मैं, बिमला देवी पत्नी स्व. भीम सिंह निवासी 203/16, हरिजन चौपाल के पास, 7 बिसवा, जटवाड़ा मौहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा छोटा पुत्र देवेश मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। देवेश अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

सूचना

मैं, मुकेश पुत्र श्री बदलू राम पुत्र सही राम निवासी गांव काहड़ी जिला झज्जर बयान करता हूं मेरा पुत्र मनीष दलाल व पुत्र वधु साक्षी डागर मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जांशी ने जीता ब्रांज मेडल



बहादुरगढ़। बीते दिनों हुई नेशनल सैंबो चैंपियनशिप में आर्य नगर की जांशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रांज मेडल जीता। प्रतियोगिता 29 से 31 मार्च तक महेंद्रगढ़ में हुई थी। बहादुरगढ़ की जांशी ने अंडर-14 आयुवर्ग के 45 किलोग्राम भारवर्ग में भाग लिया। उसकी जीत पर मामा विकास, नाना सुरेंद्र सहित अन्य परिजनों ने खुशी जताई। जांशी कोच प्रवीण छिल्लर से प्रशिक्षण ले रही है।

### लडरावन में श्याम सलोना महोत्सव कल

बहादुरगढ़। गांव लडरावन में श्री श्याम जी प्रभु खाटू वाले का द्वितीय श्याम सलोना महोत्सव वीरवार 4 अप्रैल को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान विशाल भंडार दोपहर 2 बजे से प्रभु इच्छा तक रहेगा। जबकि जागरण शाम 8 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। भजन सम्राट नरेंद्र कौशिक अपनी मधुर वानी से भजनों की वर्षा करेंगे। इस अवसर पर चुलकाना धाम से रिंकल पुजारी भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### नहीं थम रही वाहनों की चोरी

बहादुरगढ़। इलाके में वाहनों की चोरी नहीं थम रही। अब दो और वाहन मालिकों ने पुलिस को शिकायत दी है। बादली के निवासी कुलदीप का कहना है कि उसने अपनी बाइक शिव मंदिर के पास खड़ी की थी। कुछ समय बाद देखा तो बाइक नहीं मिली। इस शिकायत पर बादली थाने में केस दर्ज हुआ है। वहीं बालोर के निवासी सुमित का कहना है कि चुंगी पर उसका गैराज है। अपनी बाइक गैराज के निकट सड़क पर खड़ी की थी। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दादरी तोए गांव से मोटरसाइकिल चोरी

झज्जर। दादरी तोए गांव स्थित स्टॉक के बाहर खड़ी एक चोरी होने का मामला सामने आया है। दादरी तोए गांव निवासी सुशील पुत्र रमेश ने बताया कि एक अप्रैल को सुबह जब वह बाइक लेकर स्टॉक पर गया था तो उसने अपनी बाइक स्टॉक के बाहर खड़ी कर दी थी। आधे घंटे बाद जब वापिस आया तो बाइक चोरी हो चुकी थी।

### मेले में स्टॉल लगाने वाले लोगों ने एक दिन पहले आकर डाला डेरा

# मंदिर प्रबंधन कमेटी ने सजाया बुद्धोमाता का भव्य दरबार

श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर कमेटी पदाधिकारियों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर





झज्जर। जगमगाता हुआ बुद्धोमाता मंदिर व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्था। फोटो : हरिभूमि

बीते रविवार से शुरू हुआ चार दिवसीय बासौड़ा पर्व बुधवार की सुबह बुद्धोमाता की पूजा-अर्चना के साथ संपन्न होगा। शहर के माता गेट स्थित बुद्धोमाता मंदिर पर लगने वाले मेले और पूजा-अर्चना के दौरान उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर कमेटी पदाधिकारियों द्वारा भी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार शाम से दूर-दराज से आए दुकानदारों ने मेले परिसर में अपनी स्टॉल लगानी शुरू कर दी है। प्रबंधन कमेटी द्वारा जहां माता के मंदिर भी आकर्षक लाइटों से सजाया जा चुका है वहीं बैरिकेडिंग व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है। मंदिर परिसर में लगने वाले मेले व उसकी तैयारियों को लेकर कमेटी प्रधान मेहर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया था। कमेटी सदस्य रामअवतार गहलोत उर्फ दीपक ने बताया कि माता के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए सेवादारों को जिम्मेवारियां सौंपी जा चुकी है। लोगों में आस्था इतनी है कि लोग अलसुबह ही माता की पूजा-अर्चना के लिए पहुंच जाते हैं। बता दें कि इस दिन को शीतला अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। बुद्धोमाता के प्रसाद के रूप में महिलाओं द्वारा एक दिन पहले गुड़ के चावल बनाकर बासी पकवान का भोग लगाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार शीतला माता को समर्पित यह लोकप्रिय त्यौहार है। बासी प्रसाद चढ़ा कर जहां मां की आराधना की जाती है वहीं स्वयं भी श्रद्धालुओं द्वारा बासी प्रसाद का भोजन किया जाता है। कहते हैं कि सर्दियां बीतने के चलते यह अंतिम बासी प्रसाद है जो माता को भेंट किया जाता है। बासौड़ा पर्व की समाप्ति के बाद से एक दिन पहले बनाया गया भोजन खराब होने लगता है।

### मुर्गा व पानी की मसक छुड़ाने की भी परंपरा

मेले में दर्शनार्थ आने वाली सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा अपनी संतान के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना के लिए पानी की मसक व प्रतीकात्मक मुर्गा छुड़वाने की परंपरा भी है। लोगों का कहना है कि पहले के समय में मां को खुश करने के लिए मुर्गे की बलि दी जाती थी। पानी की मसक भरवा कर मंदिर प्रांगण का छिड़काव किया जाता था तथा पेयजल मुहैया कराकर श्रद्धालुओं की प्यास बुझाई जाती थी। अब बदलते परिवेश में मुर्गे को ऊपर से वार कर खुला छोड़ा जाता है तथा पेयजल किल्लत न होने के कारण पानी की मसक के प्रतीक पानी की छींटें मारकर रस्म निभाई जाती है। इसके बाद मसक व मुर्गा छोड़ने वाले युवाओं को पैसे भी दिए जाने की परंपरा लंबे अरसे से चली आ रही है।



## दिव्यांग बच्चों पर ध्यान देने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

मिश्री देवी पुनर्वास केंद्र के अध्यापकों व छात्रों ने मंगलवार को ऑटिज्म अवेयरनेस डे मनाया। समाज को एक संदेश दिया कि विकलांगता अभिशाप नहीं है। मुख्य वक्ता के रूप में दिनेश कुमार ने बताया कि दिव्यांग छात्रों के विकास पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। दिव्यांगों को कमतर नजरिए से नहीं देखना चाहिए। ऐसे बच्चे समाज व परिवार पर बोझ नहीं हैं।



### एडमिशन के लिए 196 बच्चों ने दी परीक्षा

बहादुरगढ़। सीबीएसई से संबद्ध राजकीय माडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए शिक्षा सत्र के दौरान कक्षा छठी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। कक्षा छठी में प्रवेश के लिए 196 बच्चों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में मेरिट के आधार पर 105 विद्यार्थियों की लिस्ट 6 अप्रैल को स्कूल परिसर में लगाई जाएगी।

## डीसीपी ने राजधानी दिल्ली की सीमाओं पर विशेष चौकसी रखने के दिए निर्देश

- 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से करवाना पुलिस का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन।

आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटनाओं को रोकने और अपराधियों को पकड़ने के लिए प्लानिंग के तहत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिले के साथ लगती दिल्ली की सीमाओं पर पूरी चौकसी बरते तथा नियमित नाकों के अलावा विशेष नाकाबंदी करते हुए वाहनों की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष व स्वतंत्र रुप से करवाना पुलिस का दायित्व है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पीसीआर, राइडर्स व गश्त पर तैनात पुलिस की टीमें अपने-अपने एरिया में स्थित सभी एटीएम, बैंक, पेट्रोल पंप, शराब ठेका, गैस एजेंसी व अन्य सार्वजनिक स्थानों को लगातार चैक करते रहेंगे। इन स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था सहित सीसीटीवी की स्थिति बारे संबंधित को रिपोर्ट करेंगे। इस दौरान एसीपी शुभम सिंह, एसीपी अनिल कुमार, एसीपी शमशेर सिंह, एसीपी गुलाब सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## छोटूराम धाम के लिए दी 25 लाख की दूसरी किश्त

- एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून ने सवा करोड़ रुपये का दान देने का किया था ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। संस्था के पदाधिकारियों को 25 लाख रुपए का चैक सौंपते राकेश जून। फोटो : हरिभूमि

सर्वधर्म विश्व जाट एकता केंद्र दीनबंधु छोटूराम धाम की स्थापना में एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून ने सवा करोड़ रुपये का दान देने का ऐलान कर रखा है। राकेश जून ने जाट सेवा संघ के चेयरमैन एडवोकेट रणधीर सिंह को दूसरी किश्त के रूप में 25 लाख रुपये का चेक दिया। साथ ही उम्मीद जताई कि छोटूराम धाम में सामाजिक और शैक्षणिक तौर पर युवाओं को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून के अनुसार उनके द्वारा सवा करोड़ की राशि में से हर साल 25 लाख रुपए की किश्त दी जाएगी। पहली किश्त दिसंबर-2022 में दी गई थी और दूसरी किश्त अब दी गई है। उन्होंने दावा किया कि छोटूराम धाम के निर्माण से गांव देहात के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का फायदा होगा। आने वाले समय में छोटूराम धाम पूरी दुनिया भर के जाटों की आस्था और उन्नति का केंद्र बनेगा। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट रणधीर सिंह ने बताया कि रोहतक के नजदीक गांव जसिया की 25 एकड़ धरती पर बन रहा छोटूराम धाम युवाओं और समाज के लिए शानदार परियोजना है। युद्धस्तर पर इसका निर्माण चल रहा है। इसके बनने से समाज का चहुंमुखी विकास होगा। यहां जाट समाज के बच्चों को स्कॉलरशिप देकर विभिन्न नौकरियों के लिए उच्चकोटि की कोचिंग दी जाएगी। यह संस्था भविष्य में मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने कहा कि राकेश जून जैसे सम्मानित लोग इसमें अपना आर्थिक सहयोग दे रहे है, ताकि देहात में रहने वाले हमारे बच्चे पढ़ लिखकर कामयाब हो सकें। उन्होंने समाज के दूसरे लोगों से भी दीनबंधु छोटूराम धाम के निर्माण में सहयोग की अपील की है। जाट सेवा संघ (छोटूराम धाम) और अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के सदस्यों ने राकेश जून का आभार व्यक्त किया।

### खेड़ी की टीम ने जीता कबड्डी का फाइनल

बहादुरगढ़। गांव डाबोदा कलां मेहंदीपुर में आयोजित तीसरी मिनी सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हो गई। फाइनल मुकाबला खेड़ी बनाम मोखरा की टीम के बीच हुआ। कबड्डी के फाइनल मुकाबले में 6 प्वॉइंट से खेड़ी की टीम विजयी रही। फाइनल में जीत के साथ ही विजेता टीम को 31 हजार रुपए की राशि इनाम के रूप में दी गई। गांव के पुराना स्टेडियम में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में पहुंचे भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने कहा कि आज खेलों में रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध हैं। सरकार द्वारा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को पदक अनुसार सरकारी नौकरी, धनराशि तथा मान सम्मान दिया जा रहा है। सरकार द्वारा बनाई गई बेहतर खेल नीति से प्रभावित होकर बच्चों व युवाओं का खेलों के प्रति रुझान बढ़ा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## ईश्वर अराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान

- बसंत विहार स्थित मेला ग्राउंड में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कथा के दौरान आरती करती महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

शहर के बसंत विहार स्थित मेला ग्राउंड में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथावाचक दाऊ दयाल जी महाराज ने वाराह अवतार सहित अन्य प्रसंगों पर प्रवचन किए। इससे पूर्व महिला श्रद्धालुओं की ओर से पूजा-अर्चना की गई। पंडित महेश चंद ने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथा व्यास दाऊ दयाल जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है।

उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे।



## मतदाता जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

बादली स्थित चौधरी धीरपाल महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप के चौथे दिन मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज से शुरू होकर यह रैली बुपनिया स्थित राजकीय कन्या विद्यालय तक पहुंची। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में बुपनिया के प्रधान, गांव के मौजिज लोग व कन्या विद्यालय के सभी अध्यापक शामिल हुए। गांव में घर-घर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के जरिये मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया गया। स्वयंसेविकाओं के प्रयासों की कॉलेज प्राचार्य सहित तमाम स्टाफ सदस्यों ने प्रशंसा की।

### हरियाणा मुक्केबाजी टीम में जिले के नौ खिलाड़ी चयनित

झज्जर। हरियाणा मुक्केबाजी टीम में जिले के नौ मुक्केबाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक होने वाले एशिया अंडर 22 ट्रायल में लड़कियों में मोहिनी धनखड़ ने 52 किलोग्राम भार वर्ग, प्राची धनखड़ ने 63 किलोग्राम, प्रियंका सहरावत ने 60 किलोग्राम भार वर्ग, मुस्कान बेनीवाल ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी जगह बनाई है। लड़कों के वर्ग में दीक्षांत ने 56 किलोग्राम भार वर्ग, हितेश गुलिया ने 71 किलोग्राम, साहिल अहलावत ने 75 किलोग्राम, अरमान ने 80 किलोग्राम भार वर्ग, सागर नारा ने 86 किलोग्राम भार वर्ग तथा युवराज जाखड़ ने 92 किलोग्राम भार वर्ग अपना स्थान बनाया है।

### वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं को दिया प्रशिक्षण

# छात्राओं ने सीखे प्राथमिक चिकित्सा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में समझाते कंचन कुमार।

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस व रैड रिबन सैल द्वारा स्वयंसेविकाओं को प्राथमिक सहायता व आपदा प्रबंधन का कुशल प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि यह ज्ञान मुश्किल घड़ी में अनमोल मानव जीवन के रक्षक के रूप से सहायक सिद्ध होगा। रैडक्रॉस सोसाइटी के प्रशिक्षक कंचन कुमार ने प्राथमिक सहायता व आपदा प्रबंधन के विषय में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। हादसे के बाद त्वरित बचाव को प्रैक्टिकल तरीके से करके समझाया। स्वयंसेविकाओं को प्राथमिक चिकित्सा की बारीकियां समझाकर प्रशिक्षित किया। घायल व्यक्ति को संभालने व परिस्थिति अनुसार दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रिंसिपल डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि आकस्मिक दुर्घटनाओं का बढ़ता आंकड़ा पूरी मानवता के लिए चिंता का विषय है। दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सही समय पर उचित प्राथमिक सहायता मिल जाए तो उसका अनमोल जीवन बचाया जा सकता है। युवा पीढ़ी को आपदा प्रबंधन का ज्ञान होना भी अति आवश्यक है। यूथ रेडक्रॉस, रेड रिबन सैल तथा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने बताया कि छात्राओं ने जीवन रक्षक पद्धति को ध्यान से सीखा। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता व कॉलेज उपप्रधान प्रेमचंद बंसल ने ट्रेनर कंचन कुमार स्मृति चिह्न के साथ माला व पटका भेंटकर सम्मानित किया। आयोजन में रीना रानी, पूनम, ज्योति व कोमल ने सहयोग किया।